# उपभोक्ता अधिकार

**अति लघूत्रात्मक प्रश्नः–**

**प्र.1 उपभोक्ता किसे कहते हैं ?**

उत्तर– किसी वस्तु या सेवा का बाजार से क्रय कर उपभोग करने वाले को उपभोक्ता कहते हैं।

प्र.2 **उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम, 1986 क्या ?**

उत्तर– भारत सरकार द्वारा सन् 1986 में उपभोक्ताओं के अधिकारों की सुरक्षा हेतु निर्मित एक कानून है।

प्र.3 **भारत मानक ब्यूरो क्या है ?**

उत्तर– मानक वस्तुओं के लिए आई–एस–आई (ISI) चिह्न जारी करने वाली संस्था है।

प्र.4 **हॉलमार्क से क्या अभिप्राय है ?**

उत्तर– जब उपभोक्ता स्वर्ण आभूषण खरीदता है तो उस पर लगा हॉलमार्क प्रमाणन चिह्न उन्हें अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करने में मदद करते हैं। भारतीय मानक ब्यूरो हॉलमार्क प्रमाणन प्रदान करता है।

प्र.5 **भारत में सूचना पाने का अधिकार कब लागू हुआ ?**

उत्तर– अक्टूबर, 2005 से।

प्र.6 **भारत में प्रतिवर्ष 24 दिसम्बर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस क्यों मनाया जाता है ?**

उत्तर– क्योंकि 1986 में इसी दिन भारतीय संसद ने उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम पारित किया था।

प्र.7 **कोपरा क्या है ?**

उत्तर– उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम, 1986 को कोपरा के नाम से जाना जाता है। इस कानून को उपभोक्ताओं के हितों के बेहतर संरक्षण के लिए लागू किया गया है।

प्र.8 **उपभोक्ता के कोई दो अधिकारों के नाम बताईये ?**

उत्तर– (i) सुरक्षा का अधिकार (ii) सूचना पाने का अधिकार

प्र.9 **वस्तु विनिमय किसे कहते हैं ?**

उत्तर– वस्तुओं का आदान प्रदान करना ही वस्तु विनिमय कहते हैं।

प्र.10 **राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस कब मनाया जाता है ?**

उत्तर– राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस 5 नवम्बर को मनाया जाता है

**लघूत्रात्मक प्रश्नः–**

प्र.1 **उपभोक्ता शोषण से क्या अभिप्राय है ?**

उत्तर– उपभोक्ता शोषण का अर्थ उन क्रियाओं अथवा व्यवहारों से होता है जिनके माध्यम से उत्पादक या विक्रेता किसी उपभोक्ता से वस्तु या सेवा की अधिक कीमत लेता है अथवा घटिया स्तर की वस्तु देता है।

प्र.2 **उपभोक्ता अदालतों से क्या अभिप्राय है ?**

उत्तर– ये वे अदालते हैं जिनकी स्थापना उपभोक्ता सुरक्षा कानून, 1986 के तहत राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर की गई है ताकि उपभोक्ताओं को बेइमान उत्पादकों अथवा विक्रेताओं द्वारा की जाने वाली ठगी से बचाया जा सके।

प्र.3 **उपभोक्ता आन्दोलन का प्रारम्भ किस कारण हुआ ?**

उत्तर– उपभोक्ता आन्दोलन का प्रारम्भ उपभोक्ताओं के असंतोष के कारण हुआ।

प्र.4 **उपभोक्ताओं की बाजार में भागीदारी कब होती है ?**

उत्तर– उपभोक्ताओं की बाजार में भागीदारी तब होती है जब वे अपनी आवश्यकतानुसार वस्तुओं और सेवाओं को खरीदते हैं।

प्र.5 **सूचना पाने का अधिकार (RTI) क्या है ?**

उत्तर– अक्टूबर, 2005 में भारत सरकार द्वारा निर्मित एक कानून जो अपने नागरिकों को सुनिश्चित करता है।

प्र.6 **उपभोक्ताआ सुरक्षा अधिनियम, 1986 के तहत स्थापित की गई अदालतों के नाम लिखिए ?**

उत्तर (i) जिला स्तर की उपभोक्ता अदालत

(ii) राज्य स्तर की उपभोक्ता अदालत

(iii) राष्ट्र स्तर की उपभोक्ता अदालत

प्र.7 **विधिक सेवा प्राधिकरण के संस्थान कौन–कौन से हैं ?**

उत्तर– (i) राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण

(ii) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

(iii) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

(iv) तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण

प्र.8 **विधिक जागरूकता में कौन–कौन सी योजनाओं की जानकारी दी जाती है ?**

उत्तर– (i) दुर्घटना मृत्यु पर सहायता करना (ii) चिकित्सा अनुदान राशि

(iii) निर्माण श्रमिकों के बच्चों को छात्रवृति (iv) प्रसुति सहायता योजना

(v) मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 (vi) राज्य बीमा व कर्मचारी भविष्य निधि योजना

(vii) बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 (viii) नकल विरोधी कानून आदि

प्र.9 **भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत के कारणों को बताईये।**

उत्तर– (i) उपभोक्ताओं का असन्तोष (ii) कानून का अभाव

(iii) अत्यधिक खाद्य पदार्थों की कमी (iv) जमाखोरी

(v) काला बाजारी (vi) खाद्य पदार्थों एवं खाद्य तेलों में मिलावट